## क्या मुझे पैनोरामा करवाना चाहिए?

यदि आप को अपने शिशु के स्वास्थ्य के बारे में चिंता है और मन की शांति चाहते हैं तो पैनोरामा पर विचार करें। पहला कदम है अपने स्वास्थ्य प्रदाता से बात करना।



## पैनोरामा एनआईपीटी

अतिरिक्त या गायब क्रोमोजोम सामग्री के कारण उत्पन्न कुछ विशेष दशाओं द्वारा, कुछ महिलाओं के शिशुओं के प्रभावित होने की ज्यादा संभावना होती है। डाउन संलक्षण इसका सबसे आम उदाहरण है। बढ़ती मातृक आयु तथा पारिवारिक इतिहास इस संभावना को बढ़ाने वाले कारक होते हैं। प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के अमेरिकी महाविद्यालय (एसीओजी) तथा कनाडा प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ (एसओजीसी) जैसे अग्रणी व्यावसायिक संघों ने अनुशंसा की है कि भ्रूण-संबंधी क्रोमोजोम अपसामान्यता के वर्धित जोखिम वाली महिलाओं को एनआईपीटी पेश की जाए।

## माइक्रोडिलीशंस पैनल

डाउन संलक्षण तथा कुछ अन्य दशाओं, जिनका जोखिम माँ की आयु के साथ-साथ बढ़ता है, के विपरीत माइक्रोडिलीशन संलक्षण, मातृक आयु से संबंध नहीं रखते हैं। 20 वर्ष आयु की महिला के माइक्रोडिलीशन वाले शिशु जन्मने का जोखिम 45 वर्ष आयु वाली के बराबर ही होता है।

panorama™
*prenatal screen*

आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता आपको आपके इलाके के आनुवंशिकी पेशेवर को संदर्भित कर सकता है। आनुवंशिकी पेशेवर - आनुवंशिकी परामर्शदाता या आनुवंशिकीविद - आपकी आनुवंशिकी दशाओं के बारे में अधिक विस्तार से विचार-विमर्श कर सकता है, आपके शिशु में इस दशा के होने या न होने की पुष्टि करने के अनुवर्ती परीक्षण के बारे में आपको बता सकता है, तथा आपके परिणामों के बारे में आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकता है।

अतिरिक्त जानकारी ऑनलाइन पाई जा सकती है:

- दुर्लभ विकार कनाडाई संगठन (सीओआरडी) http://www.raredisorders.ca/
- आनुवंशिकी सहायता समूहों की कनाडाई निदेशिका http://www.lhsc.on.ca/Patients_Families_Visitors/Genetic_Support_Directory/index.htm
- ओर्फिनेट कनाडा http://www.orpha.net/national/CA-EN/index/homepage/
- कनाडाई डाउन संलक्षण संस्था http://www.cdss.ca/
- क्रोमोजोम 22 सेंट्रल http://www.c22c.org/

यह परीक्षण, नैदानिक प्रयोगशाला सुधार संशोधन (सीएलआईए) के अंतर्गत प्रमाणीकृत प्रयोगशाला Natera, Inc. द्वारा विकसित किया गया था।

LifeLabs Genetics™

जेनेटिक्स लाइन:
टोल फ्री: 1-84-GENEHELP (1-844-363-4357)
ईमेल: Ask.Genetics@LifeLabs.com
वेबसाइट: www.lifelabsgenetics.com

मिलने का समय तय करने हेतु:
टोल फ्री: 1-855-412-4495 या 1-877-507-5595 (BC)
टोल फ्री: 1-877-849-3637 (ON)
ऑनलाइन: www.lifelabs.com

© 2013 Natera. सर्वाधिकार सुरक्षित।

10138298 | V4 | MAR2014
PAN-PT-BROC(Micro)-REV4-NL-(24/10/14)EngCAN

panorama™
*prenatal screen*



# एक नया, सरल रक्त परीक्षण जो आपके शिशु के स्वास्थ्य के बारे में जानने में आपकी सहायता कर सकता है।

इनके द्वारा आप तक पहुँचाया जाता है:

LifeLabs Genetics™ | natera™ Conceive. Deliver.


## एकमात्र नॉन-इनवेसिव प्रसवपूर्व परीक्षण (एनआईपीटी) जो त्रिगुणिता (ट्रिप्लॉडी) की पहचान कर सकता है


## गर्भवती होने पर बधाइयाँ!

कितना रोमांचक समय है।
कई चीजें हैं जिनके बारे में आप अभी सोच रही हैं, इनमें से एक हो सकती है: "मेरा शिशु कितना स्वस्थ है?" यहाँ Panorama™ आपकी सहायता कर सकता है।

## पैनोरामा क्या है?

पैनोरामा एक नॉन-इनवेसिव प्रसवपूर्व स्क्रीनिंग परीक्षण (एनआईपीटी) है जो डाउन संलक्षण के लिए तथा शिशु के डीएनए में अतिरिक्त या गायब क्रोमोजोमों से उत्पन्न अन्य आनुवंशिक अपसामान्यताओं के लिए जाँच करता है। गर्भावस्था के दौरान, शिशु से कुछ डीएनए माँ के रक्त में आ जाता है। पैनोरामा यह देखने के लिए इस डीएनए पर नजर डालता है कि क्या इसमें ऐसी कुछ दशाओं का साक्ष्य मौजूद है जो शिशु के स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता हो।






## पैनोरामा मुझे क्या बताता है?

पैनोरामा आपको वैयक्तिकृत जोखिम स्कोर देता है और आपको बताता है कि क्या आपका शिशु डाउन संलक्षण, एडवर्ड्स संलक्षण, पटाउ संलक्षण तथा त्रिगुणिता (ट्रिप्लॉडी) जैसी कुछ विशेष आनुवंशिक दशाओं के लिए उच्च जोखिम या निम्न जोखिम पर है। यह टर्नर संलक्षण तथा अन्य यौन क्रोमोजोम अपसामान्यताओं की भी पहचान कर सकता है, और यदि आप जानना चाहें तो आपको शिशु का लिंग तक बता सकता है।

इसके अलावा, पैनोरामा नैदानिक रूप से प्रासंगिक ऐसे 5 माइक्रोडिलीशन संलक्षणों के लिए परीक्षण कर सकता है जो मातृक आयु से असंबंधित हैं। वे हैं:

- 22q11.2 डिलीशन संलक्षण
- 1p36 डिलीशन संलक्षण
- ऐंजलमैन संलक्षण
- प्रैडर-विली संलक्षण
- क्रि-ड्यू-चैट संलक्षण

## मैं पैरोनामा परीक्षण कैसे करवा सकती हूँ?

आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता परीक्षण का ऑर्डर देता है जो कि आपके लिए एक सरल रक्त परीक्षण होता है। शिशु का पिता भी चीक स्वॉप दे सकता है, किंतु यह आवश्यक नहीं है, और यह परीक्षण की सटीकता को प्रभावित नहीं करेगा। जब शिशु के डीएनए की मात्रा कम हो तब पिता का चीक स्वॉप इसकी संभावना बढ़ा सकता है कि पैनोरामा आपको परिणाम बताने में सक्षम रहे।

## मैं पैनोरामा परीक्षण कब करवा सकती हूँ?

आप यह परीक्षण 9 सप्ताह जितनी कम की गर्भावधि में करवा सकती हैं, और आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को आपके परिणाम 7-10 कैलेंडर दिनों में वापस मिल जाते हैं।

## कौन से अन्य परीक्षण उपलब्ध हैं?

अनेक अन्य परीक्षण उपलब्ध हैं। पारंपरिक स्क्रीनिंग परीक्षण पैनोरामा जितने सटीक नहीं होते हैं, और उल्ववेधन या जरायु अंकुर प्रतिचयन (सीवीसी) जैसे नैदानिक परीक्षणों में गर्भपात सहित गर्भावस्था जटिलताओं का थोड़ा जोखिम रहता है।

## इन दशाओं के बारे में मुझे कहाँ से अधिक जानकारी मिल सकती है?

अधिक जानकारी के लिए और पैनोरामा प्रयोगशाला माँग तथा रोगी सहमति प्रपत्र प्राप्त करने के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.lifelabsgenetics.com पर जाएँ। आप टोल-फ्री 1-84-GENEHELP (1-844-363-4357) पर कॉल करने या Ask.Genetics@LifeLabs.com पर ईमेल करने के द्वारा भी हमारी जेनेटिक्स टीम तक पहुँच सकते हैं।

